Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

News Paper: Amar Ujala

Date: 07.05.2019

Publish it on Student Corner in CUH website. Mr. chetan.

विश्वविद्यालयों में छुट्टियों में पहली इंटर्नशिप

नई दिल्ली। 2019 से देशभर के विश्वविद्यालयों में गर्मियों की छुट्टियों में इंटर्नशिप शुरू होगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को पत्र लिखकर स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम के छात्रों को इंटर्नशिप से जोड़ने को कहा है।

यूजीसी ने इंटर्नशिप देने वाली ऐसे 15 मल्टीनेशनल कंपनियों के नाम भी भेजें हैं, जो इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्रों को 2019 सत्र से पहली बार अनिवार्य इंटर्नशिप मुहैया करवाने जा रही है।

यूजीसी ने लिखा पत्र, कंपनियों के इंटर्नशिप करार के तहत छात्रों को दें लाभ

यूजीसी सचिव प्रो. रजनीश जैन की ओर से कुलपतियों को पत्र लिखा गया है। प्रो. जैन के मुताबिक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) 2019 सत्र से बीटेक प्रोग्राम के दूसरे, तीसरे, चौथे वर्ष के छात्रों को गर्मियों में अनिवार्य इंटर्नशिप शुरू कर रही है। इसके लिए एआईसीटीई और कंपनियों के बीच करार हुआ है।

वेतन संग क्रेडिट स्कोर जुड़ेंगे: एआईसीटीई ने इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेजों में 2019 से अनिवार्य इंटर्नशिप शुरू की है। हालांकि विश्वविद्यालयों में फिलहाल अभी इंटर्नशिप अनिवार्य नहीं की गई है, लेकिन 2020 से इंटर्नशिप अनिवार्य हो सकती है। इसीलिए फिलहाल विश्वविद्यालयों को छात्रों को इंटर्नशिप के बारे में जागरूक करने और उन्हें इंटर्नशिप मुहैया करवाने वाली कंपनियों की सूची साझा की गई है। छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान वेतन भी मिलेगा। ब्यूरो

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

News Paper: Amar Ujala **Date: 07.05.2019**

ग्रुप 'डी' के विभिन्न पदों के लिए करें आवेदन

हाई कोर्ट, कर्नाटक

95 कुल पद

Job of the day

- **पदों का विवरण:** चपरासी, वाचमैन, स्वीपर एवं हाउसकीपर
- **शैक्षणिक योग्यता:** 10वीं पास या समकक्ष
- **आयु सीमा:** अधिकतम 35/38/40 वर्ष (वर्गानुसार)
- **आवेदन शुल्क:** GEN/OBC-200 रुपये एवं अन्य-100 रुपये।
- **आवेदन प्रक्रिया:** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भर्ती से संबंधित जानकारी को पढ़कर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करें और इसके प्रिंटआउट को आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।

- **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि:** 3 जून, 2019

http://karnatakajudiciary.kar.nic.in

SGMH : साक्षात्कार से पाएं नौकरी

- **कहां:** संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, दिल्ली
- **पदों का विवरण:** जूनियर रेजिडेंट (पेडियाट्रिक्स, एनेस्थीसिया, मेडिसिन, ऑर्थो, ईएनटी, रेडियोलॉजी)
- **पदों की संख्या:** 13
- **शैक्षणिक योग्यता:** एमबीबीएस के साथ परास्नातक डिग्री/ डीएनबी /डिप्लोमा एवं दिल्ली मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना चाहिए।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 37 वर्ष (सामान्य वर्ग)
- **आवेदन प्रक्रिया:** आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भर्ती से संबंधित जानकारी को ध्यान से पढ़ने के पश्चात, फॉर्म को डाउनलोड कर भरें और इसे मांगे गये अन्य दस्तावेजों के साथ 10 मई को साक्षात्कार स्थल 'संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, एमएस ऑफिस, तीसरा तल, एडमिन ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली-110083' प्रातः 10 बजे से पहले उपस्थित हों।
- **साक्षात्कार की तिथि:** 10 मई, 2019
- **वेबसाइट:** www.health.delhigovt.nic.in

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

News Paper: **Amar Ujala** Date: 07.05.2019

GIPMER : सीनियर रेजिडेंट के पदों पर मौका

जीआईपीएमईआर, दिल्ली

- **पदों का विवरण:** सीनियर रेजिडेंट (संविदा पर)
- **पदों की संख्या:** 79
- **शैक्षणिक योग्यता:** एमबीबीएस के साथ पीजी डिग्री/डिप्लोमा एवं अन्य योग्यताएं।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 40 वर्ष

www.gbpant.delhigovt.nic.in

- **आवेदन शुल्क:** 300 रुपये कैश या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में।
- **आवेदन प्रक्रिया:** आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म डाउनलोड कर भरें व मांगे गए अन्य दस्तावेजों के साथ 16 मई को साक्षात्कार स्थल 'गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (GIPMER), ऑडिटोरियम /सेमिनार हॉल, नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002' पर समय से पहुंचें।
- **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** 14 मई, 2019

HC : लीगल रिसर्चर के पदों पर अवसर

हाई कोर्ट, राजस्थान

- **पद का विवरण:** लीगल रिसर्चर
- **पदों की संख्या:** 38
- **शैक्षणिक योग्यता:** विधि से स्नातक या विधि से परास्नातक एवं कंप्यूटर का मूल ज्ञान।
- **आयु सीमा:** अधिकतम 33 वर्ष (सामान्य वर्ग)।

http://hcraj.nic.in

- **आवेदन शुल्क:** 100 रुपये के पी.ओ या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में।
- **आवेदन प्रक्रिया:** इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भर्ती से संबंधित जानकारी को ध्यान से पढ़ने के पश्चात् फॉर्म को डाउनलोड कर भरें व मांगे गए अन्य दस्तावेजों के साथ इसे 'रजिस्ट्रार (एग्जामिनेशन), राजस्थान हाई कोर्ट, जोधपुर' के पते पर 13 मई तक जरूर भेज दें।
- **ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि:** 13 मई, 2019